आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 20.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखण्ड पहुंचे। टिहरी जिले में वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।
- प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कल विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- स्वास्थ्य विभाग डेंगू–मलेरिया की रोकथाम के लिए 4 जून से देहरादून में सघन जागरूकता अभियान चलाएगा।
- हरिद्वार की मंगलौर और चमोली जिले की बदरीनाथ सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का कल अंतिम दिन।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव उत्तराखण्ड दौरा

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने टिहरी जिले में नरेंद्रनगर वन प्रभाग के अंतर्गत शिवपुरी, हिंडोलाखाल, बेमुंडा और आगराखाल वन रेंजों का दौरा कर वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने आगराखाल स्थित सामुदायिक उन्नति केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय समुदाय द्वारा विभिन्न विकास गतिविधियों में किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। केंद्रीय वन मंत्री ने बादशाही थौल में चीड़ के जंगलों में आग से प्रभावित क्षेत्र का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने वन विभाग को वनाग्नि से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को और अधिक सघन करने पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आग की सूचना प्राप्त होने पर कम से कम समय में उससे निपटने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
वहीं, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देहरादून के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में भारतीय वन सेवा और केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी के प्रशिक्षुओं के साथ योग अभ्यास भी करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्रदेश में कल विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिथौरागढ़ में चीन सीमा से लगे आदि कैलाश क्षेत्र में आयोजित हो रहे योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और योग साधना कर प्रदेश को स्वस्थ रहने का संदेश देंगे। वहीं, नैनीताल में आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम में नैनीताल–उधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। उधर, बागेश्वर के बागनाथ मंदिर में सरयू नदी के तट पर भी योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कानून व्यवस्था

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को प्रदेश में कानून–व्यवस्था का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश हैं। देहरादून में आयोजित बैठक में श्री धामी ने राज्य में रहने वाले बाहरी लोगों का सघनता से सत्यापन करने को कहा। उन्होंने राज्य में जमीन खरीदने वालों का आपराधिक विवरण पता करने और उनके भूमि क्रय का उद्देश्य जानने को भी कहा। इसके लिए संबंधित व्यक्ति से निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र भरवाया जाएगा। मख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की जायेगी।
बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को राज्य वनाग्नि, पेयजल, और बिजली की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित समीक्षा करने को कहा। उन्होंने आपदा प्रबंधन और आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र सभी तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए।

कार्यशाला

चम्पावत जिले के लोहाघाट में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत टपक सिंचाई विधि यानी  ड्रिप इरीगेशन प्रणाली पर दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक उद्यान आधिकारी आशीष रंजन खर्कवाल ने बताया कि कार्यशाला में ग्लोबल वार्मिंग के कारण गिरते जल स्तर व सिमटते जल स्रोतों से कृषि व बागवानी के लिए के लिए संकट व चुनोतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में विशेषज्ञों ने किसानों को सिंचाई की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी। प्रगतिशील किसान मंयक पुनेठा बताते हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में टपक सिंचाई विधि कृषि के लिए काफी महत्वपूर्ण है और इससे पानी की बचत भी होती है।

## डेंगू–मलेरिया को लेकर अलर्ट

उत्तराखण्ड में मानसून के पहुंचने से पहले ही स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू–मलेरिया नियंत्रण और रोकथाम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में आज देहरादून में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय जैन ने तैयारियों को लेकर बैठक ली और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारियां तय की। उन्होंने बताया कि 24 जून से नगर निगम के तहत चिन्हित 60 वार्डों में सघन जागरूकता अभियान और सोर्स रिडक्शन गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। अभियान के लिए क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। साथ ही नगर निगम के कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों के माध्यम से डेंगू–मलेरिया की रोकथाम के प्रति जनता को जागरूक भी किया जा रहा है।

## उपचुनाव नामांकन

उत्तराखण्ड की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। नामांकन करने का कल आखिरी दिन है। विभिन्न राजनीतिक दल के प्रत्याशियों उपचुनाव में हिस्सा लेने के लिए नामांकन कर रहे हैं। हरिद्वार जिले के मंगलौर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना ने अपना नामांकन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरिद्वार से सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत सहित भाजपा के कार्यकर्ता नामांकन स्थल पर मौजूद रहे। वहीं, इसी सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित अन्य पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बदरीनाथ विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी ने भी आज अपना नामांकन दाखिल किया। गौरतलब है कि राज्य के दो विधानसभा सीटों– मंगलौर और बदरीनाथ में दस जुलाई को मतदान होगा।

## मौसम

प्रदेश के सभी जिलों में कल कहीं–कहीं आंधी चलने की संभावना है। इस दौरान उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के कुछ स्थानों पर तेज बारिश भी हो सकती है। कल शाम को राज्य में हुई बारिश के बाद पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान में कमी आई है और मैदानी हिस्सों में भी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी राज्य में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है।

## ओवरलोडिंग

परिवहन विभाग ने वाहनों में क्षमता से अधिक भार ले जाने और अत्यधिक तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर ली है। देहरादून संभाग के चारों जिलों के परिवहन अधिकारियों की बैठक लेते हुए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के शैलेश तिवारी ने ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों का चालान करने अथवा वाहन सीज करने के साथ ही चालक का ड्राइविंग लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री तिवारी ने सभी प्रवर्तन दलों व चेकपोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को हर यात्री वाहन की भीतर से चेकिंग करने के भी निर्देश दिए।

## परीक्षा रद्द

केंद्र सरकार ने इस जून 2024 यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित की जाएगी जिसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में यूजीसी–नेट परीक्षा आयोजित की थी। गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध विश्लेषण इकाई को कल परीक्षा में गड़बड़ी की कुछ जानकारी मिली थी जिसके बाद इसे रद्द कर दिया गया।

## रोजगार मेला पंजीकरण

देहरादून क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने रोजगार मेले के पंजीकरण शुरू कर दिए हैं। ऑफलाइन पंजीकरण के साथ ही अभ्यर्थी प्रयाग पोर्टल पर भी आवश्यक दस्तावेजों को जमा कर सकते हैं। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में 44 कंपनियां हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला 12 जुलाई को प्रस्तावित है।

बिल लाओ इनाम पाओ

"बिल लाओ इनाम पाओ योजना" के तहत मार्च के विजेताओं के लक्की ड्रा निकाले गए। योजना के तहत डेढ़ हजार विजेताओं को स्मार्टफोन, स्मार्ट वॉच और इयरपोड्स बांटे गए। इस मौके पर वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को बिल लेने के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से बिल लाओ ईनाम पाओ योजना सफल रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के सफल होने से देश के अन्य राज्य भी बिल लाओ इनाम पाओ योजना को लागू करने पर विचार कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में इस योजना में अब तक कुल पंजीकृत उपभोक्ताओं की संख्या 87 हजार के करीब है, जबकि अपलोड बिलों की संख्या 6 लाख 39 हजार से ज्यादा है और इन बिलों का मूल्य 269 करोड़ रूपये है।